





## एक नजर में

### मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर निगम अधिकारियों को किया सम्मानित







**खंडवा।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में मई 2025 माह के दौरान नगर निगम खंडवा द्वारा दर्ज की गई शिकायतों के समाधान को लेकर नगर निगम खंडवा ने मध्यप्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के अंतर्गत नगर निगम ने कुल 91.97 प्रतिशत वेटेज प्राप्त करते हुए प्रदेश के शीर्ष 5 नगर निकायों में अपना स्थान सुनिश्चित किया। इस सराहनीय प्रदर्शन के लिए निगम के अंतर्गत आने वाले उन विभागों के अधिकारियों को महापौर अमृता अमर यादव एवं आयुक्त प्रियंका राजावत द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिनके विभागों से संबंधित शिकायतों को 100 प्रतिशत संतुष्टि के साथ पूर्ण रूप से निराकृत किया गया। प्रशंसा पत्र प्राप्त करने वालों में प्रभारी बाजार अधिकारी प्रकाश राजपूत, उपयंत्री सर्वेश मिश्रा, राजेश कलम, झोन प्रभारी धीरज डावे, भुवन श्रीमाली, सखाराम भट्ट, अजय पटेल, जाकिर अहमद, मनीष पंजाबी तथा प्रकाश विभाग प्रभारी भूपेन्द्र बिसेन शामिल रहे। इन सभी अधिकारियों के विभागों द्वारा मई 2025 माह में प्राप्त समस्त शिकायतों का समयबद्ध और संतोषजनक निराकरण किया गया, जिसके चलते नगर निगम खंडवा को प्रदेश स्तर पर यह गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर आयुक्त प्रियंका राजावत द्वारा सीएम हेल्पलाइन की सतत मॉनिटरिंग, रिपोर्ट संकलन एवं समयबद्ध प्रेषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ऑपरेटर शुभम वर्मा की भी विशेष सराहना की गई। महापौर अमृता अमर यादव ने समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार कार्य करने की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि नगर निगम खंडवा की टीम भावना, समयबद्ध कार्यशैली एवं जनता के प्रति उत्तरदायित्व को दर्शाती है। नगर निगम द्वारा नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र एवं संतोषजनक समाधान ही एक सशक्त शहरी शासन की नींव है। खंडवा नगर निगम इसी दृष्टिकोण के साथ निरंतर कार्यरत है।

### जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**खंडवा।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने शुक्रवार को सी.एम.एच.ओ. कार्यालय से जन जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से नागरिकों को जिलें के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों की जानकारी दी जायेगी तथा दंपतियों से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और आशा कार्यकर्ताओं द्वारा परिवार नियोजन के साधन अपनाकर अपने परिवार को सीमित रखने की अपील की जाएगी। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल ने बताया कि परिवार नियोजन के ये अस्थाई साधन जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर निःशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि नसबंदी कराने वाली महिला को 2000 रुपये प्रोत्साहन राशि व प्रेरक को 300 रुपये का भुगतान किया जाता है। इसी प्रकार पुरूष नसबंदी कराने पर रूपये 3000 प्रोत्साहन राशि व प्रेरक को रूपये 400 दिये जाते हैं। प्रसव के पश्चात् 7 दिवस के अंदर नसबंदी कराने महिला हितग्राही को रूपये 3000 और प्रेरक को रू. 400 दिये जाते हैं।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना का लाभ उठाएं

**खंडवा।** भारत सरकार द्वारा ऊर्जा संरक्षण हेतु प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत आम नागरिक अपने घरों की छत पर रूफ टॉप स्थापित कर ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के इस पावन कार्य में अपना योगदान दे सकते हैं। योजनांतर्गत 50 किलोवॉट की क्षमता का सोलर पॉवर प्लांट घरेलू प्रायोजन हेतु स्थापना करने पर भारत सरकार द्वारा अनुदान भी दिया जाता है। योजना के तहत 2 किलोवॉट क्षमता तक के रूफटॉप के लिए रु 30 हजार रुपए प्रति किलोवाट तथा 3 किलोवॉट या उससे ज्यादा के रूफटॉप सोलर के लिए अधिकतम 78 हजार रुपए अनुदान दिया जाता है। प्रति किलोवॉट सोलर रूफटॉप से साल में औसतन लगभग 1300 यूनिट से ज्यादा बिजली का उत्पादन होता है। सोलर पॉवर प्लांट को बिजली की लाईन में जोडने अर्थात् नेटमीटरिंग करने पर मासिक बिजली के बिल में व्यापक कमी आती है। सोलर पॉवर सयंत्र लगाने से कार्बन के उत्सर्जन में भी कमी होती है। जिनसे पर्यावरण का संरक्षण होता है। यह पावन कार्य हमारे जीवन एवं प्रकृति के लिए अमूल्य है। विद्युत कंपनियों द्वारा उपभोक्ताओं को भेजे जाने वाले विद्युत देयकों में निर्धारित नियमों एवं मापदण्डों के अनुसार इसका समायोजन किया जाता है। इस हेतु आवेदन केवल सरकार द्वारा अधिकृत पोर्टल https://pmsuryaghar.gov.in के माध्यम से ही स्वीकार किए जाते हैं। सोलर रूफ टॉप संयंत्रो को स्थापित कर ग्रिड संयोजित हो जाने के बाद हितग्राहियों को अनुदान की राशि सीधे उनके बैंक खाते में जमा की जाती है।

### इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की फाइनल परीक्षा में अदिति पटेल बनी सीए



**खंडवा।** विगत दिनों संपन्न हुई इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया फाइनल परीक्षा में खंडवा की अदिति पटेल पिता सुभाषचंद्र पटेल माता रेखा पटेल ने इंस्टीट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की फायनल परीक्षा उत्तीर्ण की। समाजसेवी सुनील जैन ने अदिति पटेल को शुभकामना देते हुए बताया कि सीए की परीक्षा में अधिकांश छात्र ही भाग लेते हैं लेकिन बहुत कम संख्या में छात्राएं भी इस परीक्षा में लगातार आगे बढ़ रही है। नगर के लिए हर्ष का विषय है की सीए की परीक्षा में अदिति पटेल अव्वल रही। अदिति का कहना है कि यह परीक्षा मैंने ऑनलाइन लैपटॉप एवं मोबाइल से पढ़ाई कर की इसका श्रेय मैं अपने माता-पिता परिवार एवं पड़ोसी अंकल विजय राठी जी को देना चाहूंगी जिन्होंने मुझे कक्षा दसवीं से लेकर आज तक समय-समय पर मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया।

### नागरिक अभिनंदन महोत्सव आज

**खंडवा।** अत्यन्त ही हर्ष का विषय हें की तीर्थ नगरी ओमकारेश्वर ग्राम कोठी में 13 जुलाई को महामहिम राष्ट्रपति के द्वारा पद्म भूषण से विभूषित वात्सल्य मूर्ति परम पूज्य दीदी मां साध्वी ऋतंभरा जी का गुरु पूजन महोत्सव के अंतर्गत नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि परमशक्ति पीठ, ग्राम-कोठी, ओंकारेश्वर के आयोजकत्व में गुरुपूजन महोत्सव एवं पूज्या दीदी माँ साध्वी ऋतम्भरा जी नागरिक अभिनंदन महोत्सव मनाया जा रहा है। विगत 27 मई को भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के द्वारा सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु पूज्या दीदी माँ साध्वी ऋतम्भरा जी को पद्म भूषण नागरिक सम्मान से अलंकृत किया गया है। इस उपलब्धि के लिए परम शक्तिपीठ वात्सल्य ग्राम एवं हम सब भी पूज्य दीदी माँ जी का नागरिक अभिनंदन कर धन्य होना चाहते है। वात्सल्य ग्राम की संचालिका साक्षी चेतन दीदी ने बताया कि 13 जुलाई रविवार को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक अतिथि भवन (श्री हैहय क्षत्रिय कलचुरी सर्ववर्गीय जायसवाल समाज ट्रस्ट) पेट्रोल पम्प के पास, ग्राम-कोठी, ओंकारेश्वर ओंकारेश्वर में साध्वी ऋतंभरा जी का नागरिक अभिनंदन आयोजित किया गया है। आप सभी श्रद्धालुओं से आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध हे।

# मंत्री ने सुहागी और सुंदरदेव गांव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

## सर्पदंश से मृत युवक के परिवार को 4 लाख रु. की सहायता दिलाने के दिए निर्देश





नवभारत न्यूज

**खंडवा। मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. विजय शाह ने शनिवार को खालवा विकासखंड के आदिवासी बहुल ग्राम सुंदरदेव और सुहागी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए।**

मंत्री डॉ. शाह ने ग्राम सुंदरदेव में शंकर कोरकू के घर जाकर शोक संवेदना प्रकट की। उल्लेखनीय है कि शंकर कोरकू के पुत्र नरेश की मृत्यु गत दिनों सर्पदंश से हो गई थी। उन्होंने उपस्थित तहसीलदार व एसडीएम को निर्देश दिए कि राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के तहत मृतक के परिजनों को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता का प्रकरण तैयार कर तत्काल सहायता दिलाई जाए। इस अवसर पर उन्होंने मृतक के परिजन को 15 हजार रुपए की तात्कालिक आर्थिक सहायता तथा 5000 रुपए की अंत्येष्टि सहायता के चेक भी प्रदान किये। उन्होंने सुंदरदेव में दिव्यांग युवक को छड़ी प्रदान की।

### सुहागी की पूजा को छात्रावास में प्रवेश दिलाने के दिए निर्देश

मंत्री डॉ. शाह ने ग्राम सुहागी में नवनिर्मित सीसी रोड का निरीक्षण किया और स्थानीय ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

इस दौरान छात्रा पूजा मार्को ने उन्हें बताया कि वह पिछले वर्ष 11वीं कक्षा में फेल हो गई थी, इसलिए छात्रावास में उसे प्रवेश नहीं मिला, और गरीबी के कारण पढ़ाई छूट गई।

जिस पर मंत्री डॉ. शाह ने आदिवासी छात्रा पूजा का छात्रावास में प्रवेश दिलाने के लिए जनजाति कार्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए, ताकि वह अपनी पढ़ाई जारी रख सके।

भ्रमण के दौरान तहसीलदार खालवा राजेश कोचले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खालवा टीना पंवार और क्षेत्र संयोजक नीरज पाराशर सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना के पावर हाउस - 2 द्वारा एक दिन में अधिकतम बलकर द्वारा ड्राई ऐश के निष्पादन का रचा नया कीर्तिमान



नवभारत न्यूज

**मून्दी।** श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना के पावर हाउस - 2(660 मेगावाट) द्वारा दिनांक 11.07.25 को कुल 140 बलकर (बलकर एवं ट्रक) भरकर ड्राई ऐश को विभिन्न कंपनियों को भेजा गया जो कि पावर हाउस- 2 का कमीशनिंग से अब तक का सर्वश्रेष्ठ कीर्तिमान है। इसके पूर्व दिनांक 27.12.23 को पावर हाउस - 2 द्वारा अधिकतम 126 बलकर द्वारा ड्राई ऐश का निष्पादन किया गया था।

पूर्व में ड्राई ऐश के निष्पादन में कई तकनीकी समस्या आ रही थी जिसका संबंधित अभियंता द्वारा अपनी सूझ बुझा और तकनीकी कौशल से निराकरण कर नया कीर्तिमान रचा है। इसके पूर्व परियोजना द्वारा फेस - 1 एवं 2 द्वारा दिनांक 30.03.25 को अधिकतम 230 ड्राई ऐश के बलकर द्वारा ऐश के निष्पादन का कीर्तिमान भी बना चुकी है।

# नाम सप्ताह मेले के समापन पर निकली श्री विट्ठल भगवान की पालकी





नवभारत न्यूज

**खंडवा।** नाम सप्ताह उत्सव के समापन पर धार्मिक उत्साह के साथ भगवान श्री विट्ठल की निकली पालकी यात्रा जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। प्राचीन विट्ठल मंदिर में प्रतिवर्ष आषाढ़ माह में नाम सप्ताह का मेला आयोजित किया जाकर पंढरीनाथ श्री विट्ठल भगवान की पूजा अर्चना की जाती है।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि सप्ताह भर खंडवा शहर के साथ ही आसपास के गांव की भजन मंडलियां अपनी टीम के साथ विट्ठल मंदिर में पहुंचकर भजनों की प्रस्तुति देती है। सात दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव के अंतिम दिन शुक्रवार को सुबह मंदिर के राम, श्याम आष्टेकर द्वारा काकड़ा आरती की गई एवं शाम 5 बजे भगवान श्री विट्ठल की पालकी शोभायात्रा के रूप में निकाली गई। जो शहर के विभिन्न मार्गो से होकर वापस विट्ठल मंदिर पहुंची जहां श्री कृष्ण बने बालक श्री व्यास ने मटकी फोड़ी। पालकी यात्रा में एवं मंदिर में प्रसाद वितरण किया गया। इसी के साथ नाम सप्ताह मेले का समापन हुआ।

शोभायात्रा में महाराष्ट्रीयन महिला मंडल विट्ठल मंदिर भजन मंडली बालाजी भजन मंडल हरि भक्ति भजन मंडल सत्य साइन भजन मंडल ने भक्ति भजनों पर उत्साह के साथ नृत्य करते हुए भाग लिया। मंडलीयो द्वारा भगवान श्रीकृष्ण पर आधारित भजनों की प्रस्तुति के साथ विठला-विठला हरि बोल विठला, नाम स्मरण की धुन शोभायात्रा में गुंजायमान हो रही थी। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि विट्ठल मंदिर में नाम सप्ताह का प्रारम्भ सन् 1882 में भगवान् दत्तात्रय की स्थापना के साथ हुआ था। तभी से यह नाम सप्ताह उत्सव प्रतिवर्षानुसार आषाढ़ सुदी नवमीं से सप्ताह भर मनाया जाता है। इस उत्सव में 7 दिवस 24 घंटे सतत् भगवान् के भजन अलग-अलग मंडलियों द्वारा दिए जाते है। जिसमें कई गाँव के लोगों की भजन मंडलियां भी आती है जो हिंदी, निमाड़ी, मराठी भाषाओं में भगवान् के भजन की प्रस्तुति देती हैं। मंदिर में भगवान् का 7 दिन अलग-अलग मनमोहक श्रृंगार भी किया गया।

पालकी यात्रा में राम, श्याम आष्टेकर परिवार के साथ अंकित पवार, मनीष सराफ, राकेश दशोरे, कमल माहेश्वरी, सुनील जैन, दिलीप पटेल, विपुल कुलकर्णी, संचित, नैनीश, अभिनव, पांडुरंग दादा, विजय अव्हाड, राजू भाई, मंडलियों के सदस्यगण कई समाजजन शामिल हुए। अंत में आष्टेकर परिवार ने नाम सप्ताह उत्सव सफल बनाने में सभी भक्तगणों का हार्दिक आभार माना।

# सिलाई मशीन और प्रमाण पत्र का वितरण




नवभारत न्यूज

***मूंदी। महिलाएं स्वयं निर्भर बने एवं जो जानकारी आज यहां दी गई है। उससे बड़ी खुशी हुई की एनएचडीसी. इंदिरासागर पॉवर स्टेशन द्वारा सी.एच.आर. योजना के तहत जो सिलाई का प्रशिक्षण ले रही है, सराहनीय है। एनएचडीसी. द्वारा ओर जो संभव हो सकेगा, बजट बढ़ाया जायेगा। ताकि सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र में और लाभांवित हो सके मेंहनत लगन से कार्य करें।***

परियोजना विभाग की महिला मंडल के द्वारा आयोजित समारो हमें मुख्य अतिथि एनएचडीसी. मुख्य कार्यपालक निर्देशक भोपाल राजीव जैन ने यह बात सामुदायिक केन्द्र हाल में सी.एस.आर. योजना के तहत सिलाई मशीन वितरण एवं इस अवसर पर महिला मंडल की ओर से निलिमा कुजुर, प्रज्ञा बड़गे, एवं मलिका का खान ने बताया की वर्ष 2001 से नियमित सिलाई केन्द्र का संचालन हो रहा है और यह सिलाई केन्द्र पंजीकृत है, वर्तमान में 93 महिलाएं सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। वर्ष 2023-24 में 64 महिलाओं ने परीक्षा पास आउट की थी उन्हे आज सिलाई मशीन एवं प्रमाण पत्र दिया गया। आज जो इस कार्यक्रम में आजीविका सहायता समूह का भी सहयोग है कि महिलाएं सिलाई केन्द्र चलाकर आगे बढ़ रही हे। चार सिलाई सेंटर इंधावड़ी, पुरनी, पुनासा नर्मदानगर में संचालित हो रही है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमतीअंजू जैन एच.ओ.पी. अजीतकुमार, श्रीमती पिंकी अजीतकुमार, महाप्रबंधक गोपाल खंडेलवाल, श्रीमती सोनिया खंडेलवाल, मौजूद थी। कार्यक्रम में एन.एच.डी.सी. की ओर से सी.एस.आर. विभाग से मनोज कुमार अग्रवाल एवं एम.एस. अंसारी ने इन व्यवस्थाओं को संचालित किया और सभी लाभांवित महिलाओ को सिलाई मशीन में सहयोग प्रदान किया।

**अभियान प्रारंभ** — जिले के सभी शासकीय व निजी भवनों की पक्की छतों पर लगेंगे "रूफ वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर"

# वर्षा के पानी की एक-एक बूंद को रोकेंगे, व्यर्थ न बहने देंगे

नवभारत न्यूज

**खंडवा। खण्डवा जिले में वर्षा जल सहेजकर गिरते भूजल स्तर को रोकने हेतु जिले के सभी शासकीय एवं निजी भवनों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाये जाने का अभियान प्रारंभ किया गया है।**

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिला प्रशासन, नगरीय और ग्रामीण स्थानीय निकायों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना है, साथ ही उद्योगों, स्वयंसेवी संगठनों स्वयं सहायता समूहों, गृहस्वामियों, पंचायतों और समुदाय आधारित संगठनों की सक्रिय भागीदारी के साथ वर्षा जल को सहेजना है। खंडवा जिले में यह अभियान 5 चरणों में क्रियान्वित कर पूर्ण किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि अभियान के कार्यों की प्रत्येक चरण की समय सीमा निर्धारित की गई है। कलेक्टर ने बताया कि प्रथम चरण में सभी शासकीय भवनों पर 31 जुलाई तक रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने का कार्य कर लिया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी सभी विभागों के जिला अधिकारियों और सभी एसडीएम को सौंपी गई है। इसके बाद द्वितीय चरण में सभी शासकीय अधिकारी कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों के घरों की पक्की छतों पर यह कार्य 30 सितंबर तक पूर्ण किया जाएगा। तृतीय चरण में सभी बड़े वाणिज्य भवन, वेयर हाउस, मण्डी दुकानें, इण्डस्ट्रीज, मैरिज गार्डन, होटल, रेस्टॉरेंट, हॉस्पिटल, नर्सिंगहोम, निजी स्कूल, दुकानें, मंदिर, सामुदायिक भवन, पेट्रोलपम्प, धर्मशाला, आश्रम भवनों की पक्की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने का कार्य 31 दिसम्बर 2025 तक पूर्ण करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

### 5 चरणों में अगली 30 जून तक होगा कार्य पूर्ण

अभियान के चतुर्थ चरण में सभी 2 या 2 से अधिक मंजिला मकान, सभी गेटेड कॉलोनियों के घर, गौशालाओं की पक्की छतों पर 31 मार्च 2026 तक रूप वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने के निर्देश जिले के अधिकारियों को दिए गए हैं। पांचवे और अंतिम चरण में जिले के शेष रहे सभी पक्के घर व दुकानों की पक्की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने का कार्य 28 जुलाई से 30 जून 2026 तक कराए जाने के निर्देश जिले के अधिकारियों को दिए गए है। जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों, नगर निगम आयुक्त और सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं कि कार्य के पहले एवं बाद के फोटोग्राफ सहेजकर रखे जायें।